>

Title: Need to convert NH-86 between Kanpur and Dewas and NH-75 of Jhansi-Chhattarpur-Satna section into four lane.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): मेरे संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ छतरपुर के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 86 कानपुर-देवास एवं राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 75 झांसी-छतरपुर सतना की स्थिति बहुत खराब हो गई है। पूरे रास्ते में बड़े बड़े गड्डे हो जाने के कारण आये दिन दुर्घटनायें होती रहती हैं तथा रास्ता खराब होने के कारण अनेक मरीज एवं इंटरव्यू देने जाने वाले युवकों को समय पर झांसी नहीं पहुंच पाने के कारण ट्रेन पकड़ने से वंचित होना पड़ता है जिससे अनेकों कठिनाइयों का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। कई लोगों की रास्ते में ही मृत्यु हो जाती है। वाहनों की भी टूट फूट भारी मात्रा में होने से वाहन चालकों को खर्चा भी रख रखाव में बढ़ रहा है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन दोनों ही राष्ट्रीय राजमार्गों की शीघ्र मरम्मत कराने के साथ ही इनका पूर्व में प्रस्तावित फोर लेन एक्सप्रेस हाइवे में परिवर्तित कर चार लेन वाली सड़क बनवाने का सहयोग करें।